रजिस्ट्री सं. डी. (डी.)-72

REGISTERED No. D. (D)-72

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 117] नई दिल्ली, शुक्रवार, मई 29, 1981/ज्येष्ठ 8, 1903

No. 117] NEW DELHI, FRIDAY, MAY 29, 1981/JYAISTHA 8, 1903

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

वाणिज्य मंत्रालय

सार्वजनिक सूचना संख्या-28 आईटीसी (पीएन)/81

नई दिल्ली, 29 मई, 1981

आयात व्यापार नियंत्रण

विषय :—1980-81 के लिए येन 2.46 बिलियन (ऋण सहायता) की जापान अनुदान सहायता से सम्बन्धित लाइसेंस शर्तें ।

मिसिल संख्या—आई०पी०सी/23(14)/80-81—जापान अनुदान सहायता येन 2.46 बिलियन (ऋण सहायता) के अन्तर्गत निजी और सार्वजनिक दोनों क्षेत्रों में आयातकों के लिए आयात लाइसेंस जारी करने के लिए शासित होने वाली जैसी शर्तें इस सार्वजनिक सूचना के परिशिष्ट-1 और 2 में दी गई हैं, वे जानकारी के लिए अधिसूचित की जाती हैं ।

कु० रीमा मजुमदार, मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात

परिशिष्ट-1

जापान की सरकार द्वारा प्रदान किए गए 1980-81 के लिए 2.46 बिलियन (येन 2,463,559,000/-) (ऋण सहायता) के जापानी अनुदान सहायता के अन्तर्गत सार्वजनिक क्षेत्र के आयातों के सम्बन्ध में लाइसेंस शर्तें ।

खण्ड-1-सामान्य शर्तें :

1(1) जापान की सरकार द्वारा प्रदान की गई 2.46 बिलियन जापानी अनुदान सहायता ओ० ई० सी० डी० और विकासशील देशों के हक में संगठित की गई हैं । तदनुसार, इस ऋण के अधीन अधिप्राप्त की जाने वाली पण्य वस्तुएं और उनसे सम्बन्धित प्रासंगिक सेवाएं जापान और अनुबन्ध-1 की सूची में उद्धृत सभी देशों से आयात की जा सकती है । ये देश इस ऋण के अन्तर्गत पात्र स्रोत देश होंगे । इस अनुदान सहायता के अधीन जो पात्र मदें आयात की जा सकती हैं उनकी सूची अनुबन्ध-2 में दी गई है ।

1(2) लाइसेंस पर एक शीर्षक "1980-81 के लिए 2.46 बिलियन जापानी अनुदान सहायता होगा" । प्रथम और द्वितीय प्रत्यय के लिए लाइसेंस संकेत "एस/जे०एन" होगा । ये प्रत्यय मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात के आयात लाइसेंस के अग्रेषित पत्र में भी दुहराए जाएंगे ।

1(3) बैंक खर्च, जिनका प्रेषण सामान्य बैंक प्रणाली के माध्यम से किया जा सकता है, के अतिरिक्त विदेशी मुद्रा के किसी भी प्रेषण की अनुमति आयात लाइसेंस के प्रति नहीं दी जाएगी । भारतीय अभिकर्ता के कमीशन के प्रति कोई भी भुगतान अभिकर्ता को भारतीय रुपए में चुकाना चाहिए । लेकिन, ऐसे भुगतान लाइसेंस मूल्य के ही भाग होंगे और इसलिए लाइसेंस पर ही प्रभावित किए जाएंगे ।

1(4) आयात लाइसेंस लागत-बीमा-भाड़ा के आधार पर 12 महीनों की प्रारम्भिक वैध अवधि के साथ जारी किया जाएगा । लाइसेंस की वैधता में वृद्धि के लिए लाइसेंस धारी को सम्बद्ध लाइसेंस प्राधिकारी से

सम्पर्क करना चाहिए जो इस मामले में वित्तीय कार्य विभाग (जापान अनुभाग) से परामर्श करेगा ।

1(5) पक्के आदेश अनुबन्ध-1 में उल्लिखित जापान या अन्य पात्र देशों में स्थित विदेशी संभरकों को लागत-बीमा-भाड़ा के आधार पर या लागत और भाड़ा के आधार पर दिए जाने चाहिएं और वे (आयात लाइसेंस जारी होने की तिथि से 4 महीनों की अवधि के भीतर) अवर सचिव (टीए) वित्तीय कार्य विभाग (जापान अनुभाग), नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली को भेज दिए जाने चाहिएं । "पक्के आदेशों" का अर्थ विदेशी संभरकों को भारतीय लाइसेंसधारी द्वारा दिए गए उन क्रय आदेशों या क्रय संविदाओं से है जो भारतीय लाइसेंसधारी से प्राप्त आदेश की पुष्टि करने के बाद विदेशी संभरक द्वारा विधिवत समर्थित हों या भारतीय आयातक और विदेशी संभरक द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित हों । विदेशी संभरकों को भारतीय अधिकर्ताओं के आदेश और/या ऐसे भारतीय अधिकर्ताओं द्वारा पुष्टिकरण आदेश स्वीकरणीय नहीं है ।

1(6) चार महीनों की अवधि के भीतर ठेकों की इस शर्त का तब तक अनुपालन किया गया नहीं समझा जाएगा जब तक कि ठेके के पूर्ण दस्तावेज आयात लाइसेंस जारी होने की तिथि से चार महीनों के भीतर वित्त मंत्रालय, वित्तीय कार्य विभाग, जापान अनुभाग को नहीं पहुंच जाते हैं । यदि उपर्युक्त पैरा 1(5) में यथा उल्लिखित पक्के आदेश चार महीनों के भीतर वैध कारणों से नहीं दिए जा सकते हैं तो चार महीनों के भीतर आदेश क्यों नहीं दिए जा सके इन कारणों का उल्लेख करते हुए लाइसेंसधारी को आयात लाइसेंस को सम्बद्ध लाइसेंस प्राधिकारी को प्रस्तुत कर देना चाहिए । आदेश देने की अवधि में वृद्धि के लिए ऐसे आवेदनों पर लाइसेंस प्राधिकारियों द्वारा पात्रता के आधार पर विचार किया जाएगा । वे अधिक से अधिक चार महीनों की और अवधि के लिए वृद्धि प्रदान कर सकते हैं । लेकिन, यदि वृद्धि इस लाइसेंस के जारी होने की तिथि से 4 महीनों से अधिक के लिए मांगी जाती है तो ऐसे प्रस्ताव निरपवाद रूप से लाइसेंस प्राधिकारियों द्वारा वित्त मंत्रालय, वित्तीय कार्य विभाग (जापान अनुभाग), नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली को भेजे जाएंगे जो कि ऐसी वृद्धि के लिए प्रत्येक मामले की पात्रता के आधार पर विचार करेंगे और अपना निर्णय लाइसेंस प्राधिकारियों को भेजेंगे जिसे वे लाइसेंसधारी को प्रेषित करेंगे ।

पोतलदान के लिए आखिरी तिथि निश्चित करने में इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि यह तिथि 31-3-1982 के बाद की न हो ।

खण्ड-2—संभरण ठेके का समझौता करते समय ध्यान में रखी जाने वाली विशेष बातें :— 2(1)(क) ठेके का मूल्य येन या यू० एस० डालर या पौण्ड स्टर्लिंग में एक येन, एक सेन्ट या एक पेनी से कम की भिन्न के बिना ही अभिव्यक्त होना चाहिए । और इसमें भारतीय अभिकर्ता का कमीशन, आदि कोई हो तो वह शामिल नहीं होना चाहिए जो कि **भारतीय रुपये में चुकाना चाहिए। भारतीय रुपये या किसी अन्य मुद्रा में ठेके का मूल्य किसी भी परिस्थिति में अभिव्यक्त नहीं होना चाहिए। जहाज पर्यन्त निःशुल्क लागत-बीमा और भाड़ा धनराशि अलग-अलग प्रदर्शित की जा सकती है परन्तु ठेके में यह स्पष्ट कर देनी चाहिए कि भाड़े का खर्चा वास्तविक आधार पर देय होगा या ठेके में निर्दिष्ट किए गए भाड़े का खर्च वास्तविक खर्चों के अतिरिक्त देय धनराशि होगी ।**

(ख) संविदा में नकद आधार पर अर्थात बैंक आफ इण्डिया, टोकियो को जापानी संभरकों द्वारा पोतलदान दस्तावेजों को प्रस्तुत करने पर भुगतान की व्यवस्था होनी चाहिए ।

(ग) क्रय आदेश और संभरक द्वारा पुष्टिकरण आदेश केवल अंग्रेजी में होने चाहिएं ।

2(2) आयात लाइसेंस के महे केवल एक संविदा की जानी चाहिए। विशेष मामलों में एक से अधिक संविदा की प्रविष्टि की अनुमति दी जा सकती है जिनके लिए वित्त मंत्रालय, वित्तीय कार्य विभाग से आयात लाइसेंस जारी होने की तिथि के तत्काल बाद पूर्व अनुमोदन ले लेना चाहिए ।

2(3) संभरक की पात्रता :

संभरक पात्र स्रोत देशों का राष्ट्रिक होगा या पात्र स्रोत देशों में पंजीकृत और समाधिष्ट न्यायिक व्यक्ति होगा ।

खण्ड-3 संभरण ठेकों में निम्नलिखित शर्तें विशेष रूप से समाधिष्ट होनी चाहिए :—

3(1) 1980-81 के लिए 2.46 बिलियन के अनुदान सहायता से सम्बद्ध इस संविदा की व्यवस्था 18 मार्च, 1981 को भारत और जापान की सरकार के बीच हुए समझौते के अनुसार की गई है ।

3(2) विदेशी संभरकों को भुगतान उस "भुगतान के लिए प्राधिकार-पत्र" (ए/पी) के माध्यम से किया जाएगा जो 1980-81 के लिए जापानी अनुदान सहायता के अधीन बैंक आफ इण्डिया, टोकियो के नाम में सहायता एवं लेखापरीक्षा नियंत्रक, वित्त मंत्रालय, वित्तीय कार्य विभाग, यू० सी० ओ० बैंक बिल्डिंग, पार्लियामेन्ट स्ट्रीट, नई दिल्ली-110001 द्वारा जारी किया जाएगा ।

3(3) विदेशी संभरक ऐसी सूचना और दस्तावेजों को प्रस्तुत करने के लिए सहमत होगा जो एक ओर भारत सरकार द्वारा और दूसरी ओर जापान सरकार द्वारा अपेक्षित हो ।

3(4) उस मामले में जिसमें संभरक जापान में स्थित हो और भारतीय दूतावास, टोकियो के परामर्श से पोतलदान की व्यवस्था करने को तैयार है और उसके लिए सम्बन्धित माल की सुपुर्दगी के कार्यक्रम को भारतीय दूतावास, टोकियो को सूचना देगा और अपेक्षित पोत परिवहन के लिए 4 मास पहले ही भारतीय दूतावास, टोकियो को अधिसूचित करवाएगा जिससे उचित व्यवस्था की जाए । विशेष मामलों में, जहां भारतीय आयातक यह चाहता हो तो अधिसूचना की अवधि कम की जा सकती है । आवश्यक ब्यौरे देते हुए प्रत्येक पोतलदान के बाद जापानी संभरक को आयातक को केवल सूचना भेजने के लिए भी सहमत होना चाहिए और उसकी एक प्रति भारतीय दूतावास, टोकियो को भेजी जानी चाहिए ।

खण्ड-4—भारत सरकार द्वारा ठेके का अनुमोदन :

4(1) जैसे ही आदेशों को अन्तिम रूप दे दिए जाते हैं, लाइसेंसधारी को दोनों पार्टियों द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित ठेके की चार प्रतियां या समुद्र-पार संभरकों को भारतीय आयातक द्वारा दिए गए क्रय आदेश के साथ समुद्रपार संभरक द्वारा लिखित रूप में पुष्टिकरण आदेश की चार प्रतियां या सभी प्रकार से पूर्ण फोटो प्रतियों के साथ अनुबन्ध-3 के प्रश्न प्रपत्र में "ए/पी जारी करने के आवेदन" की 2 प्रतियों सहित संगत वैध आयात लाइसेंस की 2 फोटो प्रतियां अवर सचिव (टीए) वित्तीय कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय, नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली को भेजनी चाहिए । उपर्युक्त प्रक्रिया संविदा की विषयवस्तु या उसकी कीमत के आवश्यक आशोधनों से उत्पन्न सभी संविदा संशोधनों के लिए भी लागू होगी ।

4(2) यदि ठेके के दस्तावेज, "ए/पी जारी करने के लिए आवेदनपत्र" और अन्य सम्बन्धित दस्तावेज सही पाए जाएंगे तो वित्त मंत्रालय (वित्तीय कार्य विभाग) जापान अनुभाग ठेके का अनुमोदन करेगा और उपर्युक्त (1) में उल्लिखित दस्तावेज के एक सेट को सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक, और भारत के राजदूतावास, टोकियो को भेजने की व्यवस्था करेगा ।

4(3) उपर्युक्त (2) में उल्लिखित दस्तावेज की प्राप्ति के बाद सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक, वित्तीय कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली-110001 बैंक आफ इण्डिया, टोकियो के लिए अनुबन्ध-4 के रूप में विदेशी संभरकों को भुगतान करने के लिए "भुगतान के लिए प्राधिकार पत्र (ए/पी)" जारी करेगा । ए/पी की प्रतियां भारत के राजदूतावास, टोकियो, आयातक, भारत में आयातक के बैंक और जापान अनुभाग, वित्तीय कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय को पृष्ठांकित की जाएंगी ।

4(4) भुगतान के लिए प्राधिकार पत्र (ए/पी) की प्राप्ति के बाद बैंक ऑफ इंण्डिया, टोकियो जापान की सरकार, भारत के राजदूतावास, टोकियो, भारत के बैंक के आयातक और सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक को सूचना देते हुए इस प्राप्ति की सूचना से संभरक को अवगत कराएगा ।

4(5) पोतलदान प्रभावी करने के बाद विदेशी संभरक अपने बैंकरों के माध्यम से ए/पी में उल्लिखित दस्तावेज बैंक ऑफ इंण्डिया, टोकियों को प्रस्तुत करेगा । यदि दस्तावेज सही पाए गए तो बैंक आफ इंण्डिया, टोकियो दस्तावेज में उल्लिखित धनराशि को विदेशी संभरक को उसके बैंकरों के माध्यम से रिहा करेगा ।

4(6) संभरक के लिए ए/पी जारी करने के लिए और भुगतान की व्यवस्था करने के लिए बैंक ऑफ इण्डिया, टोकियो को देय बैंक खर्च, भारत में आयातक के सम्बन्द्ध बैंक द्वारा बैंक ऑफ इण्डिया, टोकियो को प्रेषण द्वारा सामान्य बैंक प्रणाली से भारत सरकार के लेखे को प्रभावित किए बिना ही निर्धारित किए जाएंगे ।

खण्ड 5–रुपया जमा करने का उत्तरादायित्व

5(1) मूल विनिमय पोत परिवहन दस्तावेज साथ ही साथ बैंक ऑफ इंण्डिया, टोकियो द्वारा भारत में आयातक के सम्बन्द्ध बैंक को भेजे जाएंगे जो भारतीय स्टेट बैंक या किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक (जो अनुबन्ध-3 के-ए में उल्लिखित है) की शाखा होगी उस बैंक को दस्तावेजों के ये विनिमय सेट केवल इस बात का सुनिश्चय कर लेने के बाद ही सम्बद्ध आयातक को देने चाहिए कि विदेशी संभरक को चुकाई गई येन/यू०एस० डालर/पौण्ड स्टर्लिंग धनराशि के बराबर रुपया उन मामलों में जहां देने योग्य है ब्याज के खर्च सहित संभारक को भुगतान कर दिया है और उस धनराशि पर विदेशी संभरक को बैंक ऑफ इण्डिया, टोकियों द्वारा भुगतान की तिथि से वास्तविक रुपया जमा करने की तिथि तक ही की अवधि पर पहले 30 दिनों के लिए 9 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से और शेष अवधि के लिए 15 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से हिसाब लगाकर ब्याज सार्वजनिक सूचना सं० 46-आईटीसी(पी एन)/76, दिनांक 16-6-76 के अनुसार सरकारी लेखा में जमा कर दिया गया है । ब्याज दोनों दिनों, अर्थात् जिस दिन विदेशी संभरक को भुगतान किया जाता है, और जिस दिन सरकारी लेखे में रुपया जमा किया जाता है, के लिए देय है । देखिए सार्वजनिक सूचना संख्या-103 आई टीसी (पी एन)/76, दिनांक 12-10-76 द्वारा संशोधित सार्वजनिक सूचना सं० 74-आई०टी०सी० (पी०एन०)/74, दिनांक 31-5-74 भुगतानों की येन/यू०एस० डालर/पौण्ड धनराशि के बराबर रुपए की गणना करने के लिए अपनाई जाने वाली विनिमय दर मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात की सार्वजनिक सूचना सं०-8 आई० टी० सी०-(पी०एन)/76, दिनांक 17-1-76 में निर्धारित मुद्रा विनिमय की मिश्रित दर होगी या वह दर होगी जो कि मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात की सार्वजनिक सूचनाओं के माध्यम से या भारतीय रिजर्व बैंक के मुद्रा विनिमय नियंत्रण परिपत्रों के माध्यम से सरकार द्वारा समय-समय पर अधिसूचित की जाए । इस सम्बन्ध में कोई भी परिवर्तन जब और जैसे ही आवश्यक होगा अधिसूचित कर दिया जाएगा । इस बात का सुनिश्चय करने का उत्तरदायित्व सम्बद्ध, भारतीय बैंक का होगा कि आयात दस्तावेज आयातकों को सौंपने से पहले ही देय धनराशि सरकारी लेखे में सही रूप से जमा कर दी गई है। लाइसेंसधारी को भी यह सुनिश्चय कर लेना चाहिए कि अपने बैंकरों से दस्तावेज लेने से पहले ही देय धनराशि लेखे में सही रूप से जमा कर दी गई है । जिस लेखा शीर्ष में उपर्युक्त रुपया जमा करना चाहिए वह "के डिपोजिटस एण्ड एडवान्सिज 843 सिविल डिपोजिटस—डिपोजिट्स फोर परचेजिग एट एक्स्ट्रा एब्राड परचेजिज परचेस ग्रान्ट ऐड फाम गवर्नमेंट ऑफ जापान फार 1980-81 (येन 2.46 बिलियन ग्रान्ट ऐण्ड ऋण सहायता)।"

5(2) उल्लिखित धनराशि या तो भारतीय रिजर्व बैंक, नई दिल्ली में या स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, तीस हजारी, दिल्ली में सरकार की साख में नकद जमा होनी चाहिए, या यदि वह सुविधाजनक न हो तो स्टेट बैंक आफ इण्डिया की किसी शाखा या इसके उपसंगी किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक हुण्डीकर्त्ता से प्राप्त एक हुण्डी (डिमाण्ड ड्राफ्ट) के माध्यम से स्टेट बैंक आफ इण्डिया, तीस हजारी शाखा, दिल्ली-6 (हुण्डी ग्राहक और प्रापक) को सार्वजनिक सूचना सं० 184 आईटीसी (पी एन)/68, दिनांक 30-8-68 सं० 233-आई०टी० सी०(पी० इन)/68, दिनांक 24-10-68, सं० 132-आई०टी०सी० (पी०एन)/71, दिनांक 5-10-71, सं० 74-आई० टी० सी० (पी०एन०)/74, दिनांक 31-5-74 और सं० 103-आई०टी० सी० (पी०एन०)/76, दिनांक 12-10-76 में यथा निर्धारित सरकारी लेखे में जमा करने के लिए धन प्रेषण करना चाहिए ।

5(3) सरकार द्वारा ऐसी मांग किए जाने के बाद सात दिनों के भीतर सम्बद्ध भारतीय बैंक भी उपर निर्धारित तरीके से वह अतिरिक्त धनराशि सेवा खर्चों के निमित भेजेगा जो भारत सरकार द्वारा मांगी जाए। चालान के विभिन्न कालमों को भरते समय आयातकों/उनके बैंकरों को इस बात का सुनिश्चय कर लेना चाहिए कि सार्वजनक सूचना संख्या 103-आई०टी०सी०(पी०एन)/76, दिनांक 12-10-76 के साथ पढ़ी जाने वाली सार्वजनिक सूचना संख्या 132-आई०टी०सी० (पी०एन०)/71 दिनांक 5-10-71 के पैरा 2 में निर्धारित सूचना और सार्वजनिक सूचना सं० 74-आई०टी०सी०(पी०एन)/74, दिनांक 31-5-74 में भी निर्धारित सूचना चालान के कालम "धन परेषण और, प्रधिकारी (यदि कोई हो) के पूर्ण ब्यौरे" में निरपवाद रूप से निर्दिष्ट किए गए हैं। खजाना चालान में निम्नलिखित ब्यौरे निरपवाद रूप से प्रस्तुत करने चाहिएं :—

(क) वित्त मंत्रालय के भुगतान के लिए प्राधिकार पत्र सं० और दिनांक ।

(ख) येन मुद्रा की वह धनराशि जिसके सम्बन्ध में अपनाई गई परिवर्तन की दर के साथ निक्षेप किए जाते है ।

(ग) विदेशी संभरक को भुगतान करने की तिथि ।

(घ) चुकाए गए ब्याज की धनराशि और वह अवधि जिसके लिए यह गिना गया है ।

(ङ) जमा की गई कुल धनराशि ।
(ब्याज की गणना विदेशी संभरक को भुगतान की तिथि से सरकारी लेखे में समतुल्य रुपया जमा करने की तिथि तक की अवधि के लिए की जाती है) ।

उसके पश्चात् सी०ए०ए०एण्ड ए० द्वारा जारी किए गए भुगतान के लिए प्रधिकार पत्र का संदर्भ देते हुए और बीजक तथा पोत परिवहन दस्तावेजों का संलग्न करते हुए खजाना चालन रुपया जमा करने का साक्ष्य देते हुए पंजीकृत डाक द्वारा सी०ए०ए० एण्ड ए० को भेजा जाना चाहिए ।

टिप्पणी :—भारत में आयातक के बैंक को यह सुनिश्चय करना चाहिए कि रुपए का निक्षेप बैंक ऑफ इण्डिया, टोकियो से अदायगी की सूचना और अपरिवर्तनीय पोतलदान दस्तावेजों की प्राप्ति के 10 दिनों के भीतर निरपवाद रुप से किया जाना चाहिए और यह कि इसके तत्काल बाद सी ए०ए०एण्ड ए०, वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग), नई दिल्ली को सूचित कर दिया जाएगा ।

5(4) भारत में सम्बद्ध बैंक आफ इण्डिया, को लाइसेंस की मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रति पर रुपया निक्षेपों की धनराशि का पृष्ठांकन करना चाहिए और अपेक्षित "एस" प्रपत्र भारतीय रिजर्व बैंक आफ बम्बई को भेजना चाहिए ।

खण्ड-6—विविधि शर्तें :

6(1) आयात लाइसेंस के उपयोग की रिपार्ट :

भुगतान के लिए प्राधिकार पत्र जारी होने के बाद आयातक को पोतलदानों और उनके अधीन किए गए भुगतानों के सम्बन्ध में और जो पोतलादान होने बाकी हैं उनके विषय में एक मासिक रिपार्ट

सी०ए०ए०एण्डए०, आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय, यू०सी०ओ० बैंक बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली को भेजनी चाहिए।

6(2) संभरकों का विशेष शर्तें अधिसूचित करना :

लाइसेंसधारी को चाहिए कि वे आयात लाइसेंस की उन विशेष शर्तों से संभरक को अवगत करायें जो समझौते का पालन करने में संभरकों पर प्रभाव डाल सकती हैं।

6(3) विवाद :

यह समझ लेना चाहिए कि लाइसेंसधारी और संभरकों के बीच यदि कोई विवाद उठेगा तो उसके लिए भारत सरकार कोई उत्तरदायित्व नहीं लेगी। बैंक आफ इंण्डिया, टोकियो द्वारा भुगतानों से पूर्व संभरक द्वारा पूरी की जाने वाली शर्त साफ-साफ "भुगतान के नियम" के अधीन अनुबन्ध-1 में वर्णाई जानी चाहिए। विवादों से निपटने की शर्तें ठेके की शर्तों में शामिल होनी चाहिए।

6(4) भविष्य अनुदेश :

आयात लाइसेंस या उसके सम्बन्ध में उठ खड़े होने वाले किसी मामले या सभी मामलों से सम्बन्धित जापान से 1980-81 के लिए अनुदान सहायता के अधीन सभी आभारों का पूर्ण करने के लिए भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए निदेशों या अनुदेशों या आदेशों का लाइसेंसधारी को तुरन्त पालन करना होगा।

6(5) अतिक्रमण या उल्लंघन :

उपर्युक्त खण्डों में स्थिर की गई शर्तों के अतिक्रमण या उल्लंघन करने पर आयात-निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम के अधीन उचित कार्यवाई की जाएगी।

6(6) अनुबन्धों की सूची :—

अनुबन्ध-1. पात्र स्रोत क्षेत्रों देशों की सूची

अनुबन्ध-2. पात्र पण्य वस्तुओं की सूची

अनुबन्ध-3. भुगतान के लिए प्राधिकार पत्र जारी करने के लिए आवेदन करने का प्रपत्र

अनुबन्ध-4. भुगतान के लिए प्राधिकार पत्र (ए/पी) का प्रपत्र।

अनुबन्ध-1

पात्र स्रोत देशों की सूची

(क) विकासशील देश तथा उसके क्षेत्र :

(क-1) नान-ओ०पी०ई०सी० विकासशील देश

1. अफ्रीकी, उत्तरी सहारा:

मिश्र
मोरोक्का
तुनीशिया

2. अफ्रीका, दक्षिणी सहारा:

अंगोला
बोत्सवाना
बरुन्डी
केमेरून
केप वर्डी द्वीप समूह
केन्द्रीय अफ्रीकन गणतंत्र
चाद
कमोरो द्वीप समूह
इथोपिया
जाम्बिया
कांगो, डमोह गणराज्य
इक्वेटोरियल गाईना
घाना
गिनी
आइवरी कोस्ट
कीनिया
लेसोथो
लाइबीरिया
मानाकासी गणतंत्र
मलावी
माली
मारितेनिया
मारीशिस
मोजाम्बीक
नाइजर
पुर्तगाल गिनी
रियनियन
रोडेशिया
रवान्दा
सेंट हेलिना और डेप (2)
साओटोम प्रिन्साइव
सेनेगाल
सेजिलिज
सियरा लिओन
सोमालिया
सूडान
स्वाजीलैंड
टेरों अफार्स और इस्सास
टोगो
युगान्डा
तन्जानिया गणतंत्र संघ
अपर वोल्टा
जाअरे गणतंत्र
जाम्बिया

3. अमेरिका-उत्तरी और केन्द्रीय :

बेहमस
बारबाडोज
बेलाइज
बरमुडा
कोस्टोरिका
क्यूबा
डोमिनिकन गणतंत्र
एल साल्वेडोर
गुवाडेलोप
ग्वाटेमाला
हेती
होन्डुरस
जेमैका
मार्टिनिक-क्यू
मेक्सिको
नीदरलैन्ड एंनाटिलीज
निकारगुआ
पनामा
सेंट पियरी और मिक्यूलोन
ट्रिनिडाड और टोबागो

(1) पहले स्पेनी गिनी का प्रदेश, परनेडो पी० द्वीप समूह।

(2) निम्नलिखित द्वीपों सहित : असेन्शन, ट्रिस्टन डा इन एकसे- सिविल्स, नाइटिंगेल गफ।

(3) मुख्य द्वीप समूह, अरूबा, बोनाइरे क्युराकाओं साहा सेंट यूस्टा सिट, सेंट मार्टिन (दक्षिण भाग),

अमेरिका-उत्तरी और केरेबियन (क्रमश:)

वेस्ट इन्डीज (शाखा) एन० आई० ई०

(क) संबंधित राज्य (1)

(ख) आश्रित राज्य (2)

4. दक्षिणी अमरीका :

अर्जेन्टीना
बोलिविया
ब्राजील
चिली
कोलम्बिया
फाल्कलैंड द्वीप समूह
फांसिसी गिनी
गुयाना
पाराग्वे
पीरु
सूरिनाम
उरुग्वे

5. मध्य पूर्वी एशिया :

बेहरीन
इजराइल
जोर्डन
लेबनान
ओमन
सिरिआई अरब गणतंत्र
यूनाइटिड अरब अमिरात
यमन अरब गणतंत्र (3)
यमन जनवादी डी० आर० (4)

6. दक्षिण एशिया :

अफगानिस्तान
बांगला देश
भूटान
बर्मा
भारत
मालद्वीप
नेपाल
पाकिस्तान
श्रीलंका

7. सुदूर पूर्वी एशिया :

बुर्नेई
हांगकांग
खमेर गणतंत्र
कोरिया गणतंत्र
लाओस
मकाओ
मलेशिया
फिलिपाइन
सिंगापुर
ताइवान
थाइलैंड
तिमोर
वियतनमान गणतंत्र
वियतनाम जनवादी गणतंत्र

8. ओसिनिया :

कोक द्वीप समूह
फिजी
गिल्बर्ट और इलाइस द्वीप
फांसिसी पोलिनेशिया (5)
नौरु
न्यूकोलेडोनिया
न्यूहेब्रिसेस (ब्रि और फ्र०)
हियू
पैसिफिक द्वीप समूह (संयुक्त राज्य) (6)
पापुआ न्यू गिनी
सोलामन द्वीप समूह (ब्रि)
टोंगो
वालिस और फतुना
पश्चिमी समाओ

9. यूरोप :

साइप्रेस
जिब्राल्टर
ग्रीक
माल्टा
स्पेन
तुर्की
युगोस्लाविया

(क-2) ओ० पी० ई० सी० के सदस्य या सहयोगी देश :

अल्जीरिया
बोलिविया
लीबियाई अरब गणतंत्र
गेबान
नाइजीरिया
इक्वेडोर
वेन्जुएला
ईरान
ईराक
कुवैत
कातार
सऊदी अरब
आबुधाबी
इन्डोनेशिया

---

(1) मुख्य द्वीप : एन्टिगुवा डोमिनिका, ग्रेनेडा, सेन्ट किट्स (सेंट क्रिस्टोफी) नेविल अगुइला, सेंटलुसिया और सेंट विसेन्ट ।

(2) मुख्य द्वीप : मोन्तेसरत, सेमान, तुर्क और काइकोस और ब्रिटिश वरजिन द्वीप समूह ।

(3) अजमान, दुबल, फजाइरेह, रास अल खैमाह शारजाह और उम अल क्वैवेन ।

(4) अदन और विभिन्न सुल्तनत और अमीरत सहित।

(5) सोसयटी द्वीपसमूह (ताहिती सहित) को शामिल करते हुए आस्ट्रल द्वीप समूह टमोमोट, जाम्बियर ग्रुप और मार्कसन द्वीप समूह

(6) पैसिफिक द्वीप समूह का ट्रस्ट प्रदेश : कारोलीन द्वीप समूह, मार्शल द्वीप समूह और मेरिना द्वीप समूह (गाम को छोड़कर) ।

अनुबन्ध–2

पात्र पण्य सूची

1. रोल्ज ।
2. विशेष इस्पात और मिश्रधातु इस्पात सहित इस्पात ।
3. ट्रकों और ट्रेक्टरों के विनिर्माण के लिए संघटक, संयोजक और पुर्जे ।
4. रसायन ।
5. जापान अनुदान परियोजना और भारत-जापान संयुक्त उद्यम के लिए फालतु पुर्जे, संघटक और कच्चा माल ।
6. बिजली के हलों के लिए संघटक, संयोजक और फालतु पुर्जे ।
7. मशीनरी, संकटक, संयोजन, फालतु पुर्जे और कच्चा माल ।
8. भारत के राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम के लिए मशीनरी और उपस्कर ।
9. तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग परियोजना के लिए मशीनरी और उपस्कर ।
10 उर्वरक और ऐसी अन्य मदें जिनपर आपस में सहमति हो ।

अनुबन्ध 3

भुगतान के लिए प्राधिकार पत्र जारी करने के लिए प्रार्थना-पत्र

सं०

सेवा में, दिनांक .....

सहायता लेखा तथा लेखापरीक्षा नियंत्रक,
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग,
यू० सी० ओ० बैंक बिल्डिंग, प्रथम मंजिल,
पार्लियामेंट स्ट्रीट,
नई दिल्ली-110001

विषय : 1980-81 के लिए 2.46 बिलियन जापानी अनुदान सहायता येन के अधीन जापान से आयात ।

महोदय,

ऊपर उल्लिखित अनुदान सहायता के अधीन .....जापान से .....जो कि .....आयात के संबंध में हैं .....सम्बद्ध संभरक के नाम के नाम में बैंक आफ इंडिया, टोकियो के लिए भुगतान के लिए प्राधिकार-पत्र जारी करने के लिए हम आपको निम्नलिखित ब्यौरे प्रस्तुत करते करते हैं :–

(क) भारतीय आयातक का नाम और पता ।

(ख) आयात लाइसेंस की संख्या, दिनांक और मूल्य और वह तारीख जिस जिस तक वैध है ।

(ग) प्राप्ति के तरीके–क्या यह सीधे क्रय या औपचारिक खुले अंतर्राष्ट्रीय निविदा पर आधारित है । इसके मामले में यदि कोई कारण हो तो कारण सहित यह संकेतित होना चाहिए कि क्या संविदा का निर्णय उपयुक्त न्यूनतम तकनीकी प्रस्ताव के आधार पर किया गया है ।

(घ) माल का संक्षिप्त विवरण

(ङ) माल का उद्गम देश

(च) संविदा का कुल लागत भाड़ा मूल्य (येन में)

(छ) यदि कोई हो तो भारतीय रुपये में भुगतान की जाने वाली भारतीय एजेंट के कमीशन की धनराशि

(ज) वह कुल लागत तथा भाड़ा मूल्य (येन में) जिसके लिए भुगतान के लिए प्राधिकार पत्र की आवश्यकता है ।

(झ) संभरकों के साथ की गई संविदा की संख्या और दिनांक ।

(ञ) संभरक का नाम और पता ।

(ट) वे भुगतान शर्तें और संभावित तिथि जिनकों संविदा के अंतर्गत भुगतान देय होंगे ।

(ठ) सुपुर्दगी को पूर्ण करने की प्रत्याशित तिथि

(ड) भारतीय बैंक टोकियो को भुगतान करते समय दिए जाने वाले दस्तावेज । प्रत्येक सेट की संख्या और निपटान का संकेत करें । प्रत्येक सेटों की सं० और उनका निपटान दिखाते हुए ।

(ढ) पोतलदान अनुदेश (वाहनान्तरण/पार्ट-शिपमेंट की अनुमति दी गई है या नहीं निर्दिष्ट कीजिए) ।

(त) भारत में आयातक के बैंक का नाम और पता

(थ) क्या उसी लाइसेंस के अंतर्गत संविदा (संविदाओं) कर दी गई है । यदि हां, तो ऐसी संविदा की दिनांक और मूल्य ।

भवदीय ।

अनुबंध-4

संख्या

भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

आर्थिक कार्य विभाग

नई दिल्ली, दिनांक :

सेवा में,

बैंक आफ इंडिया,
टोकियो शाखा,
टोकियो (जापान)

विषय : 2.46 बिलियन के लिए जापानी अनुदान सहायता के अधीन आयात भुगतान के लिए प्राधिकार पत्र जारी करना ।

प्रिय महोदय,

1. आपके बैंक के साथ 13.3.79 को किए गए समझौते की शर्तों के अनुसार आपको एतद्द्वारा यथा संलग्न ब्यौरे (जो परिशिष्ट में दर्शाए गए हैं) के अनुसार सर्वश्री.....के नाम में.....येन धनराशि के भुगतान के लिए प्राधिकृत किया जाता है ।

2. कृपया भुगतान के लिए प्राधिकार पत्र (ए/पी) की पावती के बारे में संभरकों को सूचना दें और इसकी प्रत्येक सूचना पत्र की एक प्रति जापान सरकार आयातक बैंक, भारत के राजदूतावास, टोकियो और इस मंत्रालय को पृष्ठांकित की जाए ।

3. भुगतान के लिए प्राधिकार पत्र की शर्तों के अनुसार भुगतान परिशिष्ट में यथा संकेतित लदान दस्तावेजों के आधार पर किया जाएगा ।

4. आयातक द्वारा आपको दस्तावेज को भेजने आदि के लिए भाड़ों सहित अदा किए जाने वाले बैंकिंग भाड़े टोकियो में भारतीय दूतावास/आयातक के बैंक द्वारा निर्धारित किए जाएंगे ।

5. जैसे ही संभरक द्वारा प्रस्तुत किए गए लदान दस्तावेज के आधार पर आपके द्वारा कोई भी भुगतान किया जाता है तो इसकी सूचना निर्धारित प्रपत्र में मंत्रालय और आयातक के बैंक को भेजी जानी चाहिए ।

6. इस मंत्रालय की विशेष अनुमति के बिना भुगतान के लिए प्राधिकार पत्र के लिए कोई भी संशोधन जारी नहीं किया जा सकता है।

7. यह भुगतान के लिए प्राधिकार पत्र ········तक वैध रहेगा

भवदीय,

लेखा अधिकारी

प्रति निम्नलिखित को प्रेषित :—

1. आयातक ······ को उनके पत्र संख्या ······दिनांक ····· के संदर्भ में।

2. आयातक का बैंक ······ उनसे निवेदन किया जाता है कि भारतीय बैंक आफ इण्डिया टोकियो ब्रांच से दस्तावेज प्राप्त करने पर विदेशी संभरकों को येन / यू०एस० डालर / पौंड के बराबर रुपया जमा करने की व्यवस्था करें। विदेशी संभरकों को चुकायी गई धनराशि के बराबर रुपए की गणना सार्वजनिक सूचना सं० 8-आई० टी० सी० (पी० एन०)/76 दिनांक 17-1-76 या अन्य ऐसी सार्वजनिक सूचना जो समय समय पर जारी की जाए, के अनुसार विदेशी संभरकों को भुगतान करने की तिथि को यथा प्रचलित परिवर्तन की मिश्रित दर पर की जाएगी। विदेशी संभरक को भुगतान करने की तिथि से सरकार के लेखे में तुल्य रुपया जमा करने की तिथि तक की अवधि के लिए सार्वजनिक सूचना सं० 46-आई० टी० सी० (पी० एन०/76 दिनांक 16-6-76 के अनुसार पहले 30 दिनों के लिए 9 प्रतिशत वार्षिक दर पर और इससे अधिक की गणना की गई अवधि के लिए 15 प्रतिशत की दर से ब्याज भी सरकारी लेखे में जमा कराना होगा। ब्याज दोनों दिनों के लिए दिया जाएगा अर्थात् वह तिथि जिसको विदेशी संभरक को भुगतान किया जाता है और वह तिथि भी जिसको सरकारी लेखे में रुपया निक्षेप किया जाता है। (इस दर में यदि कोई परिवर्तन किया गया तो तुरन्त उसकी सूचना दी जाएगी)। यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि आयातक को सीमा शुल्क निकासी के लिए आयात दस्तावेजों का मूल सेट दिए जाने से पूर्व यह धनराशि जमा की जाती है।

ये धनराशियां या तो रिजर्व बैंक आफ इंडिया, नई दिल्ली या स्टेट बैंक आफ इंडिया, तीस हजारी, दिल्ली में जमा करनी चाहिए या स्टेट बैंक आफ इंडिया की किसी शाखा या इसकी अनुषंगी संस्थाओं या किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से उनके द्वारा प्राप्त की गई स्टेट बैंक आफ इंडिया तीस हजारी शाखा, दिल्ली-6 (आदेशित और आदाता) के नाम में और उसको देय दर्शनी हुन्डी के माध्यम से करनी चाहिए। इस संबंध में आपका ध्यान सार्वजनिक सूचना सं० 233-आई० टी० सी० (पी० एन०)/68, दिनांक 24-10-68, सं० 132-आई० टी० सी० (पी० एन०)/71, दिनांक 5-10-71, सं० 74-आई० टी० सी० (पी० एन०)/74, दिनांक 31-5-74 और सं० 103-आई० टी० सी० (पी० एन०)/76, दिनांक 12-10-76 की शर्तों की ओर दिलाया जाता है। लेखा शीर्ष जिसमें धनराशि जमा की जाएगी वह "के डिपोजिट्स एंड एडवांसिज-843 सिविल डिपाजिट्स—डिपाजिट्स कार परचेजिस एटसेक्ट्रा एब्राड-परचेजिस ग्रांट ऐड फ्राम दि गवर्नमेंट आफ जापान फार 1980-81 (येन 2.46 बिलियन ग्रांट ऐड डेबट रिलीफ)"।

जिन मामलों में तुल्य रुपया रिजर्व बैंक आफ इंडिया नई दिल्ली या स्टेट बैंक आफ इंडिया, तीस हजारी में सार्वजनिक सूचना सं० 132-आई० टी० सी० (पी० एन०)/71, दिनांक 5-10-1971 के अनुसार नकद जमा किया जाता है उनमें चालान की मूल रूप में एक प्रतिलिपि बैंक आफ इंडिया, टोकियो शाखा से प्राप्त सूचना टिप्पणी का पूर्ण विवरण देते हुए अग्रेषणपत्र सहित उनके द्वारा निम्नलिखित पते पर भेजी जाएगी :—

सहायक लेखा तथा लेखा परीक्षा नियंत्रक, वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग) पहली मंजिल, यू० सी० ओ० बैंक बिल्डिंग संसद मार्ग, नई दिल्ली।

जिस मामले में तुल्य रुपया ऊपर संकेतित सार्वजनिक सूचना दिनांक 24-10-68 में यथा उल्लिखित दर्शनी हुण्डी द्वारा प्रेषित करना है उसकी सूचना उपर्युक्त पते पर भेजी जानी चाहिए। सभी मामलों में ब्याज की चुकाई गई धनराशि और जिस अवधि के लिए ब्याज की गणना की गई है और उसके साथ जमा किए गए तुल्य रुपए का पूरा ब्यौरा इस विभाग को भेजना चाहिए।

समुद्रपार संभरक के बैंकर के खर्चों सहित यदि कोई हों तो, बैंकिंग खर्चे आफ इंडिया, टोकियो ब्रांच के अन्य खर्चे इंडियन बैंक आफ इंडिया, टोकियो शाखा द्वारा सीधे ही निर्धारित किए जाएंगे।

4. भारतीय दूतावास, टोकियो

5. अवर सचिव (टी०ए०) शाखा, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग नई दिल्ली।

लेखा अधिकारी

परिशिष्ट-2

जापान की सरकार द्वारा प्रदान किए गए 1980-81 के लिए 2.46 बिलियन के जापानी अनुदान सहायता के अन्तर्गत निजी क्षेत्र के आयातों के सम्बन्ध में लाइसेंस शर्तें।

खंड—1 सामान्य शर्तें

1(1) जापान की सरकार द्वारा प्रदान की गई 2.46 बिलियन जापानी अनुदान सहायता ओ०ई०सी०डी० और विकासशील देशों के हक में संगठित की गई है। तदनुसार, इस ऋण के अधीन अधिप्राप्त की जाने वाली पण्य वस्तुएं और उनसे संबन्धित प्रासंगिक सेवाएं जापान और अनुबन्ध-1 की सूची में उद्धृत सभी देशों से आयात की जा सकती है। ये देश इस ऋण के अन्तर्गत पात्र स्रोत देश होंगे। इस अनुदान सहायता के अधीन जो पात्र मदें आयात की जा सकती हैं उनकी सूची अनुबन्ध—2 में दी गई है।

1(2) लाइसेंस पर एक शीर्षक "1980-81 के लिए 2.46 बिलियन जापानी अनुदान सहायता" होगा। प्रथम और द्वितीय प्रत्यय के लिए लाइसेंस संकेत "एस/जे०ए०" होगा। ये प्रत्यय मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात के आयात लाइसेंस के अग्रेषित पत्र में दुहराए जाएंगे।

1(3) बैंक खर्च, जिनका प्रेषण सामान्य बैंक प्रणाली के माध्यम से किया जा सकता है, के अतिरिक्त विदेशी मुद्रा के किसी भी प्रेषण की अनुमति आयात लाइसेंस के प्रति नहीं दी जाएगी। भारतीय अभिकर्ता के कमीशन के प्रति कोई भी भुगतान अभिकर्ता को भारतीय रुपए में चुकाना चाहिए। लेकिन, ऐसे भुगतान लाइसेंस मूल्य के ही भाग होंगे और इसलिए लाइसेंस पर ही प्रभारित किए जाएंगे।

1(4) आयात लाइसेंस लागत-बीमा-भाड़ा के आधार पर 12 महीनों की प्रारम्भिक वैध अवधि के साथ जारी किया जाएगा। लाइसेंस की वैधता में वृद्धि के लिए लाइसेंसधारी को संबद्ध लाइसेंस प्राधिकारी से संपर्क करना चाहिए जो इस मामले में आर्थिक कार्य विभाग (जापान अनुभाग) से परामर्श करेगा।

1(5) पक्के आदेश अनुबन्ध-1 में उल्लिखित जापान या अन्य पात्र देशों में स्थित विदेशी संभरकों को लागत-बीमा-भाड़ा या लागत तथा भाड़ा के आधार पर या लागत और भाड़ा के आधार पर दिए जाने चाहिए और वे आयात लाइसेंस जारी होने की तिथि से 4 महीनों की अवधि के भीतर (अवर सचिव) आर्थिक कार्य विभाग, (जापान अनुभाग) नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली को भेज दिए जाने चाहिए। "पक्के आदेशों" का अर्थ विदेशी संभरकों को भारतीय लाइसेंसधारी द्वारा दिए गए उन क्रय आदेशों या क्रय संविदाओं से है जो भारतीय लाइसेंसधारी से प्राप्त

आदेश की पुष्टि करने के बाद-विदेशी संभरक द्वारा विधिवत् समर्थित हों या भारतीय आयातक और विदेशी संभरक द्वारा विधिवत् हस्ताक्षरित हों। विदेशी संभरकों को भारतीय अधिकर्ताओं के आदेश और/या ऐसे भारतीय अधिकर्ताओं द्वारा पुष्टिकरण आदेश स्वीकारणीय नहीं है ।

1(6) चार महीनों की अवधि के भीतर ठेकों की इस शर्त का तब तक अनुपालन किया गया नहीं समझा जाएगा जब तक कि ठेके के पूर्ण दस्तावेज आयात लाइसेंस जारी होने की तिथि से चार महीनों के भीतर वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, जापान अनुभाग को नहीं पहुंच जाते हैं । यदि उपर्युक्त पैरा 1(5) में यथा उल्लिखित पक्के आदेश चार महीनों के भीतर वैध कारणों से नहीं दिए जा सकते हैं तो चार महीनों के भीतर आदेश क्यों नहीं दिए जा सके इन कारणों का उल्लेख करते हुए लाइसेंसधारी को आयात लाइसेंस को सम्बद्ध लाइसेंस प्राधिकारी को प्रस्तुत कर देना चाहिए । आदेश देने की अवधि में वृद्धि के लिए ऐसे आवेदनों पर लाइसेंस प्राधिकारियों द्वारा पात्रता के आधार पर विचार किया जाएगा । वे अधिक से अधिक चार महीनों की और अवधि के लिए वृद्धि प्रदान कर सकते हैं । लेकिन, यदि वृद्धि इस लाइसेंस के जारी होने की तिथि से 4 महीनों से अधिक के लिए मांगी जाती है तो ऐसे प्रस्ताव निरपवाद रूप से लाइसेंस प्राधिकारियों द्वारा वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, (जापान अनुभाग), नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली को भेजे जाएंगे जो कि ऐसी वृद्धि के लिए प्रत्येक मामले को पात्रता के आधार पर विचार करेंगे और अपना निर्णय लाइसेंस प्राधिकारियों को भेजेंगे जिसे वे लाइसेंसधारी को प्रेषित करेंगे ।

पोत लदान के लिए आखिरी तिथि निश्चित करने में इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि यह तिथि 31-3-1982 के बाद की न हो।

खंड–2 संभरण ठेके का समझौता करते समय ध्यान में रखी जाने वाली विशेष बातें:—

2(1)(क) ठेके का लागत-बीमा-भाड़ा या लागत भाड़ा मूल्य येन या यू०एस० डालर या पौंड स्टर्लिंग में एक येन, एक सेंट या एक पेनी से कम की भिन्न के बिना ही अभिव्यक्त होना चाहिए । और इसमें भारतीय अधिकर्ता का कमीशन, आदि कोई हो तो वह शामिल नहीं होना चाहिए जो कि भारतीय रुपए में चुकाना चाहिए । भारतीय रुपए या किसी अन्य मुद्रा में ठेके का मूल्य किसी भी परिस्थिति में अभिव्यक्त नहीं होना चाहिए। जहाज पर्यन्त निःशुल्क लागत बीमा और भाड़ा धनराशि अलग अलग प्रदर्शित की जा सकती है । परन्तु ठेके में बात स्पष्ट कर देनी चाहिए कि भाड़े का खर्चा वास्तविक आधार पर देय होगा या ठेके में निर्दिष्ट किए गए भाड़े का खर्च वास्तविक खर्चों के अतिरिक्त देय धनराशि होगी।

(ख) संविदा में नकद आधार पर अर्थात् बैंक आफ इंडिया, टोकियो को जापानी संभरकों द्वारा पोतलदान दस्तावेजों को प्रस्तुत करने पर भुगतान की व्यवस्था होनी चाहिए ।

(ग) क्रय-आदेश और संभरक द्वारा पुष्टिकरण आदेश केवल अंग्रेजी में होने चाहिए ।

2(2) आयात लाइसेंस के पूर्ण मूल्य के लिए केवल एक संविदा की जानी चाहिए । विशेष मामलों में एक से अधिक संविदा की प्रविष्टि की अनुमति दी जा सकती है जिनके लिए वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग से आयात लाइसेंस जारी होने की तिथि के तत्काल बाद पूर्व अनुमोदन ले लेना चाहिए ।

2(3) संभरक की पात्रता :

संभरक पात्र स्रोत देशों का राष्ट्रिक होगा या पात्र स्रोत देशों में पंजीकृत और समाविष्ट न्यायिक व्यक्ति होगा।

खंड–3 संभरक ठेकों में निम्नलिखित शर्तें विशेष रूप से समाविष्ट होनी चाहिए :—

3(1) 1980-81 के लिए 2.46 बिलियन के अनुदान सहायता से संबद्ध इस संविदा की व्यवस्था 18 मार्च, 1981 को भारत और जापान की सरकार के बीच हुए समझौते के अनुसार की गई है ।

3(2) संभरकों को भुगतान उस "भुगतान के लिए प्राधिकार-पत्र" (ए/पी) के माध्यम से किया जाएगा जो 1980-81 के लिए जापानी अनुदान सहायता के अधीन बैंक आफ इंडिया, टोकियो के नाम में सहायता एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, यू०सी० ओ० बैंक बिल्डिंग, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली–110001 द्वारा जारी किया जाएगा ।

3(3) विदेशी संभरक ऐसी सूचना और दस्तावेजों को प्रस्तुत करने के लिए सहमत होगा जो एक ओर भारत सरकार द्वारा और दूसरी ओर जापान सरकार द्वारा अपेक्षित हो ।

3(4) उस मामले में जिसमें संभरक जापान में स्थित हो और भारतीय दूतावास,टोकियो के परामर्श से पोतलदान की व्यवस्था करने को तैयार है और उसके लिए संबन्धित माल की सुपुर्दगी के कार्यक्रम को भारतीय दूतावास, टोकियो को सूचना देगा और अपेक्षित पोत परिवहन के लिए 4 मास पहले ही भारतीय दूतावास, टोकियो को अधिसूचित करवाएगा जिससे उचित व्यवस्था की जाए । विशेष मामलों में, जहां भारतीय आयातक यह चाहता हो तो अधिसूचना की अवधि कम की जा सकती है । आवश्यक ब्यौरे देते हुए प्रत्येक पोतलदान के बाद जापानी संभरक को आयातक को केवल सूचना भेजने के लिए सहमत होना चाहिए और उसकी एक प्रति भारतीय दूतावास, टोकियो को भेजी जानी चाहिए ।

खंड–4 भारत सरकार द्वारा ठेके का अनुमोदन:—

4(1) जैसे ही आदेशों को अन्तिम रूप दे दिए जाते हैं, लाइसेंसधारी को दोनों पार्टियों द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित ठेके की चार प्रतियां या समुद्रपार संभरकों को भारतीय आयातक द्वारा दिए गए क्रय आदेश के साथ समुद्रपार संभरक द्वारा लिखित रूप में पुष्टिकरण आदेश की चार प्रतियां या सभी प्रकार से पूर्ण फोटो प्रतियां के साथ अनुबन्ध-3 के प्रपत्र में "ए/पी" जारी करने के आवेदन की दो प्रतियों सहित संगत वैध आयात लाइसेंस की 2 फोटो प्रतियां और इसके साथ भारतीय स्टाम्प अधिनियम की धारा–31 के अधीन स्टाम्प आयुक्त द्वारा विधिवत न्यायनिर्णीत अनुबन्ध–5 में निर्धारित प्रपत्र में बैंक गारन्टी भी अवर सचिव (टी ए) आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय, नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली को भेजनी चाहिए ।

4(2) बैंक गारन्टी कितनी धनराशि के लिए भेजी जानी चाहिए :

बैंक गारन्टी उस विदेशी मुद्रा की धनराशि के समतुल्य रुपए के लिए होनी चाहिए जिसके लिए भुगतान के लिए प्राधिकार की मांग की गई है और अनुबन्ध–5 में दर्शाए गए ब्याज और अन्य खर्चे भी इसमें शामिल होने चाहिए । परिवर्तन की दर राजस्व विभाग द्वारा अधिसूचित विनिमय दर पर होगी जो कि मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात द्वारा जारी किए गए सार्वजनिक सूचना सं० 78–आई टी सी (पी एन)/74, दिनांक 6 जून, 1974 की कंडिका–2 के अनुसार आयात लाइसेंस जारी करने की तिथि को लागू होगी । इस दर का अभिप्राय: केवल लाइसेंसधारी द्वारा प्रस्तुत की गई बैंक गारन्टी के मूल्य से है । आयात की कीमत चुकाने के लिए सरकारी लेखे में रुपया जमा कराने के लिए समतुल्य रुपए का नीचे खंड-5 में दर्शाई गई विधि के अनुसार हिसाब लगाया जाएगा ।

4(3) यदि ठेके के दस्तावेज "ए/पी" जारी करने के लिए बैंक गारन्टी और अन्य संबन्धित दस्तावेज सही पाए जाएंगे तो वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग), (जापान अनुभाग) ठेके का अनुमोदन करेगा और उपर्युक्त (1) में उल्लिखित दस्तावेज के एक सेट को सहायता लेखा एवं लेखा

परीक्षा नियंत्रक, वित्त मंत्रालय यू०सी०ओ० बैंक बिल्डिंग, पहली मंजिल, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली और भारत के राजदूतावास, टोकियो को भेजने की व्यवस्था करेगा।

4(4) उपर्युक्त खंड 4(3) में उल्लिखित दस्तावेज की प्राप्ति के बाद सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक, आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली-110001 बैंक आफ इंडिया टोकियो के लिए अनुबन्ध-1 के रूप में जापानी संभरकों को "भुगतान करने के लिए 'भुगतान के लिए प्राधिकार-पत्र (ए/पी)" जारी करेगी। ए/पी की प्रतियां भारत के राजदूतावास, टोकियो, आयातक, भारत में आयातक के बैंक और जापान अनुभाग, आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय को पृष्ठांकित की जाएगी।

4(5) भुगतान के लिए प्राधिकार पत्र (ए/पी) की प्राप्ति के बाद बैंक ऑफ इंडिया, टोकियो, जापान की सरकार, भारत के राजदूतावास टोकियो भारत के बैंक के आयातक और सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक को सूचना देते हुए इस प्राप्ति की सूचना से संभरक को अवगत कराएगा।

4(6) पोतलदान प्रभावी करने के बाद विदेशी संभरक अपने बैंकरों के माध्यम से ए/पी में उल्लिखित दस्तावेज बैंक ऑफ इंडिया, टोकियो को प्रस्तुत करेगा। यदि दस्तावेज सही पाए गए तो बैंक ऑफ इंडिया, टोकियो दस्तावेज में उल्लिखित धनराशि को विदेशी संभरक को उसके बैंकरों के माध्यम से रिहा करेगा।

4(7) संभरक के लिए ए/पी जारी करने के लिए और भुगतान की व्यवस्था करने के लिए बैंक आफ इंडिया टोकियो को देय बैंक खर्च भारत में आयातक के संबंध बैंक द्वारा बैंक आफ इंडिया टोकियो को प्रेषण द्वारा सामान्य बैंक प्रणाली से भारत सरकार के लेखे प्रभावित किए बिना ही निर्धारित किए जाएंगे।

खण्ड 5—रुपया जमा कराने का उत्तरदायित्व

5(1) मूल विनिमय पोत परिवहन दस्तावेज साथ ही साथ बैंक आफ इंडिया, टोकियो, द्वारा भारत में आयातक के संबद्ध बैंक को भेजे जाएंगे जो भारतीय स्टेट बैंक या किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक (जो अनुबंध 3 के ण में उल्लिखित हैं) की शाखा होगी उस बैंक को दस्तावेजों के ये विनिमय सेट केवल इस बात का सुनिश्चय कर लेने के बाद ही संबद्ध आयातक को देने चाहिए कि विदेशी संभरक को चुकाई गई येन धनराशि के बराबर रुपया उन मामलों में जहां देने योग्य है ब्याज के खर्च सहित संभरक को भुगतान कर दिया गया है और उस धनराशि पर जापानी संभरक को बैंक ऑफ इंडिया, टोकियो द्वारा भुगतान की तिथि से वास्तविक रुपया जमा करने की तिथि तक ही की अवधि पर पहले 30 दिनों के लिये 9 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से और शेष अवधि के लिए 15 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से हिसाब लगाकर ब्याज सार्वजनिक सूचना सं० 46-आईटीसी (पी/एन)/76, दिनांक 16-6-76 के अनुसार सरकारी लेखा में जमा कर दिया गया है। ब्याज दोनों दिनों, अर्थात् जिस दिन विदेशी संभरक को भुगतान कर दिया जाता है, और जिस दिन सरकारी लेखे में रुपया जमा किया जाता है, के लिए देय है। देखिए सार्वजनिक सूचना सं० 103-आईटीसी (पी/एन)/76, दिनांक 12-10-76 द्वारा संशोधित सार्वजनिक सूचना सं० 74-आईटीसी (पीएन)/74, दिनांक 31-5-74 भुगतानों की येन धनराशि के बराबर रुपए की गणना करने के लिए अपनाई जाने वाली विनिमय दर मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात की सार्वजनिक सूचना सं० 8-आईटीसी (पीएन)/76, दिनांक 17-1-76 में निर्धारित मुद्रा विनिमय की मिश्रित दर होगी या वह दर होगी जो कि मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात की सार्वजनिक सूचनाओं के माध्यम से या भारतीय रिजर्व बैंक के मुद्रा विनिमय नियंत्रण परिपत्रों के माध्यम से सरकार द्वारा समय-समय पर अधिसूचित की जाए। इस संबंध में कोई भी परिवर्तन जब और जैसे ही आवश्यक होगा अधिसूचित कर दिया जाएगा। **इस बात को सुनिश्चय करने का उत्तरदायित्व संबद्ध भारतीय बैंक का होगा कि आयात दस्तावेजें आयातकों को सौंपने से पहले ही देय धनराशि सरकारी लेखे में सही रूप से जमा कर दी गई है।** लाइसेंसधारी को भी यह सुनिश्चय कर लेना चाहिए कि अपने बैंकरों से दस्तावेज लेने से पहले ही देय धनराशि लेखे में सही रूप से जमा कर दी गई है। जिस लेखा शीर्ष में उपर्युक्त रुपया जमा करना चाहिए वह "के डिपोजिट एण्ड एडवांसिज-843 सिविल डिपोजिट्स—डिपोजिट्स फोर परचेजिज एट /परचेज एक्सट्रा एब्रॉड परचेजिज/ग्रांट ऐड फ्राम गवर्नमेंट आफ जापान फार 1980-81 (येन 2,46 बिलियन ग्रांट एंड ऋण सहायता)।

5(2) उल्लिखित धनराशि या तो भारतीय रिजर्व बैंक, नई दिल्ली में या स्टेट बैंक आफ इंडिया, तीस हजारी, दिल्ली में सरकार की साख में नकद जमा होनी चाहिए, या यदि वह सुविधाजनक न हो तो स्टेट बैंक आफ इंडिया की किसी शाखा या इसके उपसगी किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक (हुंडीकर्ता) से प्राप्त एक हुंडी (डिमाण्ड ड्राफ्ट) के माध्यम से स्टेट बैंक आफ इंडिया, तीस हजारी शाखा, दिल्ली 6 (हुंडी ग्राहक और प्रापक) की सार्वजनिक सूचना सं० 184-आईटीसी (पीएन)/68, दिनांक 30-8-68, सं० 233-आईटीसी (पीएन)/68, दिनांक 24-10-68, सं० 132-आईटीसी (पीएन)/71, दिनांक 5-10-71, सं० 74-आईटीसी (पीएन)/74, दिनांक 31-5-74 और सं० 103-आईटीसी (पीएन)/76, दिनांक 12-10-76 में यथा निर्धारित सरकारी लेखे में जमा करने के लिए धन प्रेषण करना चाहिए।

5(3) सरकार द्वारा ऐसी मांग किए जाने के बाद सात दिनों के भीतर संबद्ध भारतीय बैंक भी ऊपर निर्धारित तरीके से वह अतिरिक्त धनराशि सेवा खर्चों के निमित्त भेजेगा जो भारत सरकार द्वारा मांगी जाए। चालान के विभिन्न कालमों को भरते समय आयातकों/उनके बैंकरों को इस बात का सुनिश्चय कर लेना चाहिए कि सार्वजनिक सूचना सं० 103-आईटीसी (पी एन)/76 दिनांक 12-10-76 के साथ पढ़ी जाने वाली सार्वजनिक सूचना सं० 132 आई टी सी (पी एन)/71 दिनांक 5-10-71 के पैरा 2 में निर्धारित सूचना और सार्वजनिक सूचना सं० 74 आई टी सी (पी एन)/74 दिनांक 31.5.74 में भी निर्धारित सूचना चालान के कालम "धन परेषण और प्राधिकारी (यदि कोई हो) के पूर्ण ब्यौरे" में निरपवाद रूप से निर्दिष्ट किए गये हैं। खजाना चालान में निम्नलिखित ब्यौरे निरपवाद रूप से प्रस्तुत करने चाहिएं :—

(क) वित्त मंत्रालय के भुगतान के लिए प्राधिकार पत्र सं० और दिनांक

(ख) येन मुद्रा की वह धनराशि जिसके संबंध में अपनाई गई परिवर्तन की दर के साथ निक्षेप किए जाते हैं।

(ग) विदेशी संभरक को भुगतान करने की तिथि

(घ) चुकाए गए ब्याज की धनराशि

(ङ) (ब्याज की गणना जापानी संभरक को भुगतान की तिथि से सरकारी लेखे में समतुल्य रुपया जमा करने की तिथि तक की अवधि के लिए की जाती है)

उसके पश्चात् सी० ए० ए० एंड ए० द्वारा जारी किए गए भुगतान के लिए प्राधिकारपत्र का संदर्भ देते हुए और बीजक तथा पोत परिवहन दस्तावेजों को संलग्न करते हुए खजाना चालान रुपया जमा करने का साक्ष्य देते हुए पंजीकृत डाक द्वारा सी० ए० ए० एंड ए० को भेजा जाना चाहिए।

टिप्पणी : भारत में आयातक के बैंक को यह सुनिश्चय करना चाहिए कि रुपए का निक्षेप बैंक आफ इंडिया टोकियो से अदायगी की सूचना और अपरिवर्तनीय पोतलदान दस्तावेजों की प्राप्ति के 10 दिनों के भीतर निरपवाद रूप से किया जाना चाहिए और यह कि इसके तत्काल बाद सी० ए० ए० एण्ड ए० वित्त मन्त्रालय (आर्थिक कार्य विभाग) नई दिल्ली को सूचित कर दिया जाएगा।

5(4) भारत में संबद्ध बैंक आफ इंडिया को लाइसेंस की मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रति पर रुपया निक्षेपों की धनराशि का पृष्ठांकन करना चाहिए और अपेक्षित "एस" प्रपत्र भारतीय रिजर्व बैंक आफ इंडिया बंबई को भेजना चाहिए।

5(5) वित्त मंत्रालय के सी०ए०ए०एंड ए० द्वारा जारी की गई बैंक गारंटी और प्राधिकरण के मामले में उत्तरदायित्व पूरा करने के बाद भारत में संबद्ध बैंक सी० सी० ए० एंड ए० को बैंक गारंटी की रिहाई के लिए आवेदन कर सकता है। इस प्रयोजन के लिए अनुबंध 6 में निहित प्रपत्र में आवेदनपत्र भेजें।

खण्ड 6 विविध शर्तें :

6(1) आयात लायसेंस के उपयोग की रिपोर्ट :

भुगतान के प्राधिकारपत्र जारी होने के बाद आयातक को पोतलदानों और उनके अधीन किए भुगतानों के संबंध में और जो पोतलदान होने वाले हैं, उनके विषय में एक मासिक रिपोर्ट सी० ए० ए० एंड ए० आर्थिक कार्य विभाग वित्त मंत्रालय यूसीओ बैंक बिल्डिंग, संसद मार्ग नई दिल्ली को भेजनी चाहिए ।

6(2) संभरकों को विशेष शर्तें अधिसूचित करना :

लाइसेंसधारी को चाहिए कि वे आयात लाइसेंस की उन विशेष शर्तों से संभरक को अवगत करायें जो समझौते का पालन करने में संभरकों पर प्रभाव डाल सकती हैं।

6(3) विवाद :

यह समझ लेना चाहिए कि लाइसेंसधारी और संभरकों के बीच यदि कोई विवाद उठेगा तो उसके लिए भारत सरकार कोई उत्तरदायित्व नहीं लेगी। बैंक आफ इंडिया, टोकियो द्वारा भुगतानों से पूर्व संभरक द्वारा पूरी की जाने वाली शर्तें साफ-साफ "भुगतान के नियम" के अधीन अनुबंध 1 में दर्शाई जानी चाहिए। विवादों से निबटने की शर्तें ठेके की शर्तों में शामिल होनी चाहिएं ।

6(4) भविष्य अनुदेश :

आयात लाइसेंस या उसके संबंध में उठ खड़े होने वाले किसी मामले या सभी मामलों से संबंधित जापान से 1980-81 के लिए अनुदान सहायता के अधीन सभी आभारों को पूर्ण करने के लिए भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए निदेशों या अनुदेशों या आदेशों का लाइसेंसधारी को तुरन्त पालन करना होगा।

6(5) अतिक्रमण या उल्लंघन :

उपर्युक्त खंडों में स्थिर की गई शर्तों के अतिक्रमण या उल्लंघन करने पर आयात-निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम के अधीन उचित कार्रवाई की जाएगी ।

6(6) अनुबंधों की सूची :

अनुबंध-1 पात्र स्रोत देशों की सूची

अनुबंध-2 पात्र पण्य वस्तुओं की सूची

अनुबंध-3 भुगतान के लिए प्राधिकार पत्र जारी करने के लिए आवेदन करने का प्रपत्र

अनुबंध-4 भुगतान के लिए प्राधिकारपत्र (ए/पी) का प्रपत्र

अनुबंध-5 बैंक गारंटी का प्रपत्र

अनुबंध-6 बैंक गारंटी रिहा करने के लिए आवेदनपत्र का प्रपत्र

अनुबन्ध 1

पात्र स्रोत देशों की सूची

(क) विकासशील देश तथा उसके क्षेत्र :

(क-1) मान-ओ० पी० ई० सी० विकासशील देश :

1. अफ्रीका उत्तरी सहारा :

मिस्र

मोरीक्को

ट्यूनीशिया

2. अफ्रीका, दक्षिणी सहारा :

अंगोला

बोत्सवाना

बरुन्डी

कैमेरून

केप वर्डी द्वीप समूह

केन्द्रीय अफ्रीकन गणतंत्र

चाद

कमोरो द्वीप समूह

इथोपिया

जाम्बिया

कांगो, पमोह गणराज्य

इक्वेटोरियल गाईना

घाना

गिनी

आइवरी कोस्ट

कीनिया

लेसोथ

लाइबीरिया

मालागासी गणतंत्र

मलावी

माली

मारितेनिया

मारीशिस

मोजाम्बीक

नाइजर

पुर्तगाल गिनी

रियुनियम

रोडेशिया

रवान्डा

सेन्ट हेलिना और डेप (2)

साओटोम प्रिन्साइव

सेनेगाल

सेजिलिस

सियरा लियोन

सोमालिया

सूडान

स्वाजीलैंड

टेरों अफार्स और इस्सास

टोगो

युगान्डा

तन्जानिया गणतंत्र संघ

अपर वोल्टा

जायरे गणतंत्र

जाम्बिया

3. अमेरिका उत्तरी और केन्द्रीय :

बेहमस
बारबाडोज
बेलाइज
बरमुडा
कोस्टारिका
क्यूबा
डोमिनिकन गणतंत्र
एल साल्वेडोर
गुआडेलोप
ग्वाटेमाला
हेती
होन्डूरस
जेमैका
मार्टिनिक-क्यू
मेक्सिको
नीदरलैंड एन्टिलीज
निकारगुआ
पनामा
सेन्ट पियरी और मिक्वूलोन
ट्रिनिडाड और टोबागो

वेस्ट इन्डीज (शाखा) एन०आई०ई०

(क) संबन्धित राज्य (1)

(ख) आश्रित राज्य (2)

4. दक्षिणी अमरीका :

अर्जेन्टीना
बोलिविया
ब्राजील
चिली
कोलम्बिया
फाल्कलैंड द्वीप समूह
फ्रांसिसी गिनी
गुयाना
पाराग्वे
पीरु
सुरिनाम
उरुग्वे

5. मध्य पूर्वी एशिया :

बेहरीन
इजराइल
जोर्डन
लेबनान

ओमन
सिरियाई अरब गणतंत्र
यूनाइटिड अरब अमिरात
यमन अरब गणतंत्र (3)
यमन जनवादी डी० आर० (4)

6. दक्षिणी एशिया :

अफगानिस्तान
बांगला देश
भूटान
बर्मा
मालद्वीप
नेपाल
पाकिस्तान
श्री लंका

7. सुदूर पूर्वी एशिया

बुर्नई
हांगकांग
खमेर गणतंत्र
कोरिया गणतंत्र
लाओस
मकाओ
मलेशिया
फिलिपाइन
सिंगापुर
ताइवान
थाइलैंड
तिमोर
वियतनाम गणतंत्र
वियतनाम जनवादी गणतंत्र

8. ओसिनिया :

कोका द्वीप समूह
फिजी
गिल्बर्ट और इलाइस द्वीप
फ्रांसिसी पोलिनेशिया (5)
नीरु
न्यूकोलेडोनिया
न्यूहेब्रिडेस (ब्रि और फ्र)
निय्
पैसिफिक द्वीप समूह (संयुक्त राज्य) (6)
पापुआ न्यू गिनी
सोलामन द्वीप समूह (ब्रि)
टोंगो
वालिस और फतुना
पश्चिमी समाओ

9. यूरोप :

साइप्रस
जिब्राल्टर
ग्रीक

1. पहले स्पेनी गिनी का प्रवेश, पपनेडो पी द्वीप समूह

2. निम्नलिखित द्वीपों सहित : अमेग्वन, ट्रिस्टन डा कुन एन्टेसिबिस्स, नार्दर्टिगेम गफ

3. सुअर द्वीप समूह, अथवा बोनाइरे क्युराकाओ, साबा, सेन्ट युस्टासिट सेन्ट मार्टिन (दक्षिण भाग)

माल्टा

स्पेन

तुर्की

युगोस्लाविया

(1) मुख्य द्वीप : एन्टिगुआ, डोमिनिका, ग्रेनेडा, सेन्ट किटस (सेंट क्रिस्टोफी) नेविस अगुइला सेंट लुसिया और सेंट विसेन्ट ।

(2) मुख्य द्वीप : मोन्सेरात, केमान, तुर्क और काइकोस, और ब्रिटिश वरजिन द्वीप समूह ।

(3) अजमतन, दुबई, फजाइरह, रास अल खैमाह शारजाह और उम अल क्वेवन ।

(4) अदन और विभिन्न सुल्तनत और अमीरत सहित

(5) सोसयटी द्वीप समूह ताहिती सहित को शामिल करते हुए आस्ट्रल द्वीप समूह टमोमोट, गाम्बियर ग्रुप और मार्केसस द्वीप समूह

(6) पैसिफिक द्वीप समूह का ट्रस्ट प्रदेश : कारोलीन द्वीप समूह मार्शल द्वीप समूह और मेरिना द्वीप समूह (गाम को छोड़कर)

(क-2) ओ० पी० ई० सी० के सदस्य या सहयोगी देश :

अल्जीरिया

बोलिविया

लीबिया ई अरब गणतंत्र

गेबान

नाइजीरिया

इक्वेडोर

वेनुएल,

इरान

इराक

कुवैत

कातार

सऊदी अरब

आबुधाबी

इण्डोनेशिया

अनुबन्ध 2

माल पण्य सूची

1. रोल्ज
2. विशेष इस्पात और मिश्रधातु इस्पात सहित इस्पात
3. ट्रकों और ट्रैक्टरों के विनिर्माण के लिए संघटक, संयोजक और पुर्जे
4. रसायन
5. जापान अनुदान परियोजना और भारत-जापान संयुक्त उद्यम के लिए फालतू पुर्जे, संघटक और कच्चा माल
6. बिजली के हलों के लिए संघटक, संयोजक और फालतू पुर्जे
7. मशीनरी, संघटक, संयोजक, फालतू पुर्जे और कच्चा माल
8. भारत के राष्ट्रीय लघु उद्योग के निगम के लिए मशीनरी और उपस्कर
9. तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग परियोजना के लिए मशीनरी और उपस्कर
10. उर्वरक और ऐसी अन्य मदें जिन पर आपस में सहमति हो।

अनुबन्ध 3

"भुगतान के लिए प्राधिकार पत्र जारी करने के लिए प्रार्थना-पत्र

संख्या.— दिनांक

सेवा में,

सहायता लेखा तथा लेखा परीक्षा नियंत्रक,
वित्त मंत्रालय,
आर्थिक कार्य विभाग,
यू०सी०ओ० बैंक बिल्डिंग, प्रथम मंजिल
पार्लियामेंट स्ट्रीट,
नई दिल्ली-110001

विषय :—1980-81 के लिए 2.46 बिलियन जापानी अनुदान सहायता येन के अधीन जापान से आयात ।

महोदय,

